Synergy

BSES
BSES Rajdhani Power Limited

... दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम

जुलाई– अगस्त 2012

उपभोक्ताओं को बीआरपीएल की ओर से स्वतंत्रता दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं! जय हिन्द!

सीईओ की कलम से

प्रिय उपभोक्ता,

दिल्ली में बिजली व्यवस्था के निजीकरण ने 1 जुलाई, 2012 को 10 वर्ष पूरे कर लिए। इस तरह, उपलब्धियों से भरा एक दशक का सफर पूरा हुआ। आपके लगातार सहयोग के लिए, मैं इस महत्वपूर्ण अवसर पर, आपका धन्यवाद करना चाहूंगा। आपके सहयोग के बगैर, बड़ी और गंभीर चुनौतियों को सफलतापूर्वक पूरा करना लगभग असंभव ही था। आपके मूल्यवान फीडबैक और सलाह – कभी सकारात्मक तो कभी आलोचनात्मक – ने लगातार हमारा मार्गदर्शन किया है और यहां तक का सफर पूरा करने में हमारी काफी मदद की है।

इन 10 सालों में हमने तमाम प्रयास किए हैं कि दिल्ली की बिजली वितरण व्यवस्था को किसी भी वैश्विक शहर के मुकाबले खड़ा किया जा सके। इन प्रयासों के क्रम में बीआरपीएल ने भारी निवेश किया है, ताकि वितरण सिस्टम को अपग्रेड किया जा सके और उसका आधुनिकीकरण किया जा सके। पिछले सालों के दौरान, बीआरपीएल ने अगली पीढ़ी की अत्याधुनिक तकनीक और प्रॉसेस को अपनाया, ताकि न सिर्फ विश्वसनीय और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके, बल्कि उपभोक्ताओं को बेहतरीन अनुभव भी मिले। पिछले वर्षों में आपको हुई असुविधाओं को ध्यान में रखते हुए, हमने कई उपभोक्ता–फ्रेंडली पहल भी शुरू की हैं।

आज मैं कुछ संतुष्टि के साथ यह कह सकता हूं कि इन प्रयासों ने न सिर्फ शानदार परिणाम दिए हैं, बल्कि यह यह सब इस बात का उदाहरण भी है कि पब्लिक–प्राइवेट साझेदारी से क्या कुछ हासिल किया जा सकता है। आज की तारीख में दिल्ली इस बात का सटीक उदाहरण बन चुकी है कि किस तरह प्राइवेट सेक्टर एक बीमारू बिजली सेक्टर में अहम बदलाव ला सकता है। इस तथ्य को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय– दोनों स्तरों पर विशेषज्ञों ने स्वीकार किया है। और, सबसे बड़ी बात कि इसे आपके द्वारा स्वीकार किया गया है।

हम इस बात से अवगत हैं कि, बड़ी तेजी से बढ़ रही बिजली की मांग को देखते हुए, हमारे नेटवर्क में कुछ पॉकेट्स ऐसे हैं, जहां सुधार की जरूरत है। बीआरपीएल इन कमियों को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है। और, आपके सुझाव इन चिंताओं का समाधान करने में निश्चित रूप से मदद करेंगे।

हाल ही में, दिल्ली में बिजली की दरों में हुए बदलाव – जो कि बिजली की बढ़ती थोक कीमतों को रेखांकित करती है – इस बात पर जोर देते हैं कि बिजली की बचत की जाए और उसके उपयोग का आधुनिकीकरण भी किया जाए। दुनियाभर में ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी से बचना नामुमकिन है, क्योंकि ऊर्जा के स्रोत सीमित हैं। अक्षय ऊर्जा पर काफी ध्यान दिया जा रहा है। ऐसे में, हमारी यह जिम्मेदारी बनती है कि ऊर्जा संरक्षण के लिए हमसे जितना कुछ हो सके, हम जरूर करें। एक जिम्मेदार युटिलिटी होने के नाते, बीआरपीएल जोर – शोर से ऊर्जा संरक्षण को प्रमोट करती रही है। आगे यह कहना चाहूंगा कि, हमें अधिक सुरक्षित और कम ऊर्जा की खपत करने वाली तकनीक जैसे कि एलईडी, पर जोर देना चाहिए। ऐसी तकनीकें स्मार्ट लाइटिंग का भविष्य हैं।

हम अपने उपभोक्ताओं की सेवा के दूसरे दशक में प्रवेश कर चुके हैं। ऐसे में, हम आपकी बेहतर सेवा के लिए खुद को फिर से समर्पित करते हैं।

भवदीय,

गोपाल के सक्सेना

बारिश का मजा सावधानी के साथ

यह जानकर सभी को खुशी होगी कि मानसून ने एक बार फिर से दस्तक दे दी है। मानसून जहां अपने साथ तमाम् खुशियां लाता है वहीं कुछ अनोखी समस्याओं और मुद्दो को भी साथ लाता है। जलभराव के कारण, इलेक्ट्रिसिटी संबधित दुर्घटनाएं और घटनाएं काफी बढ़ जाती है। कुछ सामान्य सावधानियां आपको सुरक्षित रखने और दुर्घटनामुक्त मानसून को सुनिश्चित करने में मदद करेंगी।

- इलेक्ट्रिकल इंस्टॉलेशन् मसलन इलेक्ट्रिकल पोल्स्, सब–स्टेशन, ट्रांसफार्मर्स, स्ट्रीट लाइट आदि से दूर रहें।
- इलेक्ट्रिकल इंस्टॉलेशन के निकट बच्चों के खेलने के दौरान सतर्क रहें, अगर बैरीकेटेड् है तो भी।
- गीले हाथों से इलेक्ट्रानिक उपकरणों को न छुएं।
- घर में टेस्टर रखे। अगर आपके घरों का स्विच और दीवारें गीली हों तों उन्हें न छुएं। अगर बिजली का रिसाव हो रहा है तो इसे चेक करने के लिए पहले टेस्टर का इस्तेमाल करें। अगर जरुरत हो तो इलेक्ट्रिशियन से संपर्क करें।

24x7 Helpline for all queries
399-99-707
24 x 7
BSES
BSES Rajdhani Power Limited